## फुटबॉल : एटलेटिको मैड्रिड को 2-1 से हराया

# आरबी लिपजिग ने पहली बार सेमीफाइनल में जगह बनाई

एजेंसी ▶▶| लिस्बन

11 साल पहले बने जर्मन फुटबॉल क्लब आरबी लिपजिग ने चैम्पियंस लीग के क्वार्टर फाइनल में एटलेटिको मैड्रिड को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। लिपजिग लीग के इतिहास में अंतिम चार में पहुंचने वाली 75वीं टीम है। अब सेमीफाइनल में उसका मुकाबला फ्रांसीसी क्लब पेरिस सेंट जर्मेन(पीएसजी) से होगा। पीएसजी ने अटलांटा को हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की है।

लिपजिग की जीत के हीरो रहे अमेरिकन मिडफील्डर टाइलर एडम्स। उन्होंने मैच खत्म होने से दो मिनट पहले दूसरा गोल दागकर न सिर्फ टीम को जीत दिलाई, बल्कि पहली बार सेमीफाइनल में भी पहुंचाया। ये उनका क्लब और चैम्पियंस लीग में भी पहला गोल था। वे चैम्पियंस लीग के क्वार्टर फाइनल में गोल करने वाले पहले अमेरिकी भी बने।

**खास बातें**

- अब सेफा में पीएसजी से मुकाबला होगा
- लिपजिग के लिए विजयी गोल अमेरिकन मिडफील्डर एडम्स ने किया
- जर्मन क्लब लिपजिग के लिए मैच में पहला गोल 51वें मिनट में डानी ओल्मो ने किया



### एटलेटिको मैड्रिड 4 साल पहले रनर अप थी

*इस गोल के साथ ही 2014 और 2016 की रनर अप टीम में जान गई और टीम ने गोल के कई मौके बनाए। लेकिन उसे कामयाबी नहीं मिली। मैच के आखिरी दो मिनट में अमेरिकी खिलाड़ी टाइलर ने दूसरा गोल दागते हुए लिपजिग को पहली बार चैम्पियंस लीग के सेमीफाइनल में पहुंचा दिया।*

### दोनों टीमें पहले हाफ में गोल नहीं कर सकीं

*मैच में दोनों क्लब पहले हाफ में एक भी गोल नहीं कर सके। दूसरे हाफ के शुरुआती मिनटों में ही फॉरवर्ड डानी ओल्मो ने गोल दागते हुए जर्मन क्लब लिपजिग को बढ़त दिला दी। हालांकि, टीम इस बढ़त को ज्यादा देर तक बरकरार नहीं रख पाई और एटलेटिको मैड्रिड के लिए 71वें मिनट में सब्सिट्यूट के तहत मैदान पर आए जाओ फेलिक्स ने पेनल्टी के जरिए बराबरी का गोल दाग दिया।*

# आईपीएल शिविर के लिए चेन्नई पहुंची धोनी की टीम सीएसके

एजेंसी ▶▶| चेन्नई



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी और चेन्नई सुपरकिंग्स के टीम के उनके साथी खिलाड़ी इंडियम प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए यूएई रवाना होने से पहले अभ्यास शिविर में भाग लेने के लिए शुक्रवार को यहां पहुंचे। एम ए चिदंबरम स्टेडियम में शनिवार से शुरू होने वाले एक सप्ताह के शिविर के लिए धोनी के अलावा सुरेश रैना, दीपक चाहर, पीयूष चावला और केदार जाधव भी यहां पहुंचे। सीएसके के एक अधिकारी ने कहा, 'टीम के 16 भारतीय खिलाड़ियों में से धोनी सहित 13 या 14 खिलाड़ी शिविर को हिस्सा होंगे। ये खिलाड़ी कोविड-19 की जांच कराकर यहां पहुंच रहे है, ऐसे में उनका अगला परीक्षण 21 अगस्त को यूएई रवाना होने से 72 घंटे पहले होगा। आईपीएल की तीन बार की चैम्पियन टीम ने धोनी और दूसरे खिलाड़ियों के चेन्नई पहुंचने की तस्वीरों को अपने सोशल मीडिया पेज पर साझा किया है। पिछले साल जुलाई में एकदिवसीय विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से भारतीय टीम की हार के बाद से धोनी से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है।


**Sidh Management Corporate Services Limited**
CIN: L65999DL1985PLC019846
Registered Office: E-253, Saraswati Kunj Appartments 25, I.P. Extension, Patparganj, New Delhi-110092
E-Mail: info@sidhmanagement.in; Website: www.sidhmanagement.in

Extract of Unaudited Standalone Financial Results for the 1st Quarter Ended 30th June, 2020
[See Regulation 47(1) (b) of the SEBI (LODR) Regulations, 2015]

(Amount in Rs.)

| Sl. No. | Particulars | Unaudited Quarter ended 30th June 2020 | Audited Previous Quarter ended 31st March 2020 (Refer note no.2) | Unaudited Corresponding Quarter ended 30th June 2019 | Audited Year Ended 31st March 2020 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 1,898,856 | 115,227 | 383,070 | 1,635,332 |
| 2 | Net Profit/Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 1,536,332 | -2,295,980 | -1,404,235 | -3,303,343 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 1,536,332 | -2,295,980 | -1,404,235 | -3,303,343 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 1,536,332 | -2,295,980 | -1,404,235 | -3,294,457 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/ (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 1,536,332 | -2,295,980 | -1,404,235 | -3,294,457 |
| 6 | Equity Share Capital | 21,175,000 | 21,175,000 | 21,175,000 | 21,175,000 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year) | - | - | - | 29,288,677 |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs.10/- each) (Not Annualised except for year ended) Basic & Diluted | 0.73 | -1.08 | -0.66 | -1.56 |

**Note: 1)** The above is an extract of the detailed format of Quarterly Unaudited Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Unaudited Financial Results are available on the Stock Exchange websites viz. www.msei.in. The same is also available on the Company's website viz. www.sidhmanagement.in **2)** The figures for the quarter ended 31st March, 2020, are the balancing figures between audited figures in respect of the full financial year ended 31st March, 2020 and the year to date figures upto the third quarter of financial year 2019-20.

By order of the Board
For **Sidh Management Corporate Services Limited**
Sd/-
Dinesh Sharma
Whole–Time Director
DIN No.: 07526355

Place: Delhi
Date: 14th August, 2020


# ध्यानचंद ने 15 अगस्त को लहराया था भारत का परचम

## बर्लिन ओलंपिक के फाइनल में जर्मनी को 8-1 से दी थी शिकस्त, सेफा में भारत ने फ्रांस को 10-0 से हराया था

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत को स्वतंत्रता मिलने से 11 साल पहले ही 15 अगस्त का दिन ध्यानचंद की अगुवाई में भारतीय हॉकी के करिश्मे के दम पर इतिहास में दर्ज हो गया था जब हिटलर की मौजूदगी में हुए बर्लिन ओलंपिक फाइनल में भारत ने जर्मनी को हराकर पीला तमगा अपने नाम किया था। ओलंपिक के उस मुकाबले और हिटलर के ध्यानचंद को जर्मन नागरिकता का प्रस्ताव देने की दास्तां भारतीय हॉकी की किवदंतियों में शुमार है । ध्यानचंद के बेटे और 1975 विश्व कप में भारत की खिताबी जीत के नायकों में शुमार अशोक कुमार ने कहा , उस दिन को वह (ध्यानचंद) कभी नहीं भूले और जब भी हॉकी की बात होती तो वह उस ओलंपिक फाइनल का जिक्र जरूर करते थे।



## रीजीजू ने फिट इंडिया फ्रीडम रन लांच की

**नई दिल्ली।** खेलमंत्री किरेन रीजीजू ने फिटनेस को बढावा देने के लिये शुक्रवार को देशव्यापी 'फिट इंडिया फ्रीडम रन' शुरू की। कोरोना वायरस महामारी के बीच प्रतिभागी अपने अपने स्थानों पर अपनी गति से 15 अगस्त से दो अक्टूबर के बीच किसी भी समय दौड़ेंगे। इसमें सीमा सुरक्षा बल, भारत तिब्बत सीमा पुलिस और केंद्रीय आरक्षित पुलिस बल भी भाग लेंगे। इनके अलावा भारतीय रेलवे, सीबीएसई और आईसीएसई स्कूल भी इसमें हिस्सा लेंगे।


